राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – जनवरी 2022

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** अब तक 87,646 स्मार्ट मीटर में लगाए गए।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** अब तक 19,025 स्मार्ट मीटर में लगाए गए।

### ख. स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजनाएँ

1. **TSSPDCL, तेलंगाणा:** यूटिलिटी ने अंतिम किश्त के दावे के साथ समापन रिपोर्ट प्रस्तुत की।
2. **TSECL, त्रिपुरा:** यूटिलिटी ने पायलट परियोजना की समाप्ति (रद्द) की सूचना दी।

*सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखा जा सकता है।*

### ग. बैठक व गतिविधियाँ

1. 13 जनवरी 2022 को तेलंगाना व त्रिपुरा स्मार्ट ग्रिड पायलट परियोजनाओं के समापन संबंध में निदेशक NPMU व का°निदेशक (PFC) के अंतर्गत आभासी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
2. USAID MAITREE की साझेदारी में NSGM द्वारा 'ग्रिड-इंटरएक्टिव नेट जीरो एनर्जी बिल्डिंग (जी-एनजेडईबी)' पर 'जीरो-इन डायलॉग' वेबिनार श्रेणी आयोजन की गई। 'जी-एनजेडईबी' के लिए 12 जनवरी 2022 को 'कंज्यूमर एंगेजमेंट' पर परिचर्चा #03 व 19 जनवरी 2022 को सक्षम नीतियों पर परिचर्चा #04 आयोजन की गई। 28 जनवरी 2022 को सचिव (विद्युत) द्वारा मुख्य भाषण के साथ "ऊर्जा दक्षता बाजार परिवर्तन - शुद्ध शून्य उत्सर्जन [भवन, ग्रिड और शहर]" पर एक आभासी 'ज़ीरो-इन कॉन्क्लेव' भी आयोजित की गयी।
3. वितरण क्षेत्र में स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों को लागू करने के रोडमैप में सम्मिलित करने के लिए 'जी-एनजेडईबी' पर एक श्वेत पत्र तैयार किया गया व CEA के साथ साझा किया गया।
4. एनपीएमयू ने
   a. 7 जनवरी 2022 को विद्युत क्षेत्र में M2M सेवाओं पर सचिव (दूरसंचार) की अध्यक्षता में आयोजित आभासी बैठक में भाग लिय व M2M दस्तावेजों पर टिप्पणियों को विद्युत मंत्रालय के साथ साझा किया।
   b. 7 जनवरी, 2022 को 5जी में 'स्ट्रीट इंफ्रास्ट्रक्चर और स्मॉल सेल' के रोल आउट के लिए मानक/नीति तैयार करने के लिए TEC (दूरसंचार विभाग) द्वारा गठित समिति की पहली बैठक में भाग लिया।
   c. 12 जनवरी 2022 को ED (REC) के तहत स्मार्ट मीटर के लिए टेस्ट बेड प्रक्रिया पर चर्चा करने के लिए आयोजित आभासी बैठक में भाग लिया।
   d. 14 जनवरी 2022 को 'सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' के साथ 'इंफिक्शन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' के 'SPARC-सोलर प्लांट ऑटोनॉमस रोबोटिक क्लीनिंग एंड कंटीन्यूअस' सॉल्यूशन पर हुई आभासी बैठक में भाग लिया।
5. जनवरी 2022 तक विभिन्न योजनाओं/राज्यों में 36.6 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए और लगभग 75 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

निदेशक NPMU
dir.npmu.nsgm@gov.in